## मुख्यमंत्री ने स्थल निरीक्षण कर निर्माण कार्य का जायजा लिया, दिये कई निर्देश

# बख्तियारपुर-ताजपुर पुल का निर्माण जल्द पूरा करें : नीतीश

**जायजा**

**पटना, हिब्यू।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि बख्तियारपुर-ताजपुर पुल के निर्माण कार्य में तेजी लाकर यह काम जल्द पूरा कराएं। यह पुल उत्तर और दक्षिण बिहार के संपर्क को सुगम बनाने और आमजन के आवागमन को सहज करने में अहम साबित होगा। पुल के निर्माण से महात्मा गांधी सेतु और राजेंद्र सेतु पर यातायात का बोझ भी कम होगा तथा लोगों को आवागमन में काफी सहूलियत होगी।

मुख्यमंत्री ने रविवार को गंगा नदी पर निर्माणाधीन बख्तियारपुर (करजान) ताजपुर (समस्तीपुर) पुल का स्थल निरीक्षण कर निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अथमलगोला प्रखंड के करजान (बख्तियारपुर-मोकामा फोरलेन बाइपास) से कल्याणपुर होते हुए गंगा नदी के तट तक जाकर निर्माणाधीन बख्तियारपुर-ताजपुर पुल के निर्माण कार्यों को देखा। कहा कि इस पुल के माध्यम से महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों, धार्मिक स्थलों, शैक्षणिक तथा प्रमुख चिकित्सा संस्थानों तक जाने में समय की बचत होगी। कहा कि पैसे की कोई कमी नहीं है, इसके लिए जो भी जरूरतें होंगी राज्य सरकार पूरा करेगी। यह पुल समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर और बेगूसराय की ओर से आवागमन करनेवाले वाहनों का वैकल्पिक मार्ग होगा। मालूम हो है कि पथ निर्माण विभाग अंतर्गत बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन की ओर से 2875.02 करोड़ रुपये से करजान (बख्तियारपुर) ताजपुर (समस्तीपुर) फोरलेन पुल और पहुंच पथ का निर्माण कराया जा रहा है। यह पथ पटना के करजान (बख्तियारपुर) के समीप राष्ट्रीय उच्च पथ-31 से प्रारंभ होकर समस्तीपुर जिले के ताजपुर तक राष्ट्रीय उच्च पथ-28 को जोड़ता है। इस पथ की लम्बाई 51.26 किमी है, जिसमें गंगा नदी पर पुल की लंबाई 5.51 किमी एवं पहुंच पथ की लंबाई 45.75 किमी है। मौके पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, विकास आयुक्त प्रत्यय अमृत, विभाग के सचिव संदीप पुदुकलकट्टी, निदेशक शीर्षत कपिल अशोक, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, प्रमंडल के आयुक्त डॉ. चंद्रशेखर सिंह, डीएम डॉ. त्यागराजन एसएम, एसएसपी कार्तिकेय के शर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।



गंगा नदी पर निर्माणाधीन बख्तियारपुर-ताजपुर पुल का स्थल निरीक्षण करते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार। साथ में मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, विकास आयुक्त प्रत्यय अमृत, पथ निर्माण निगम के निदेशक शीर्षत कपिल अशोक, आयुक्त चन्द्रशेखर सिंह और अन्य।

### निर्माण कार्य 60 प्रतिशत पूरा

निरीक्षण के दौरान पथ निर्माण विभाग के सचिव संदीप पुदुकलकट्टी ने साइट प्लान के माध्यम से मुख्यमंत्री को बताया कि बख्तियारपुर-ताजपुर ग्रीनफील्ड गंगा पुल का निर्माण कार्य 60 प्रतिशत पूरा हो गया है। इस पुल की लंबाई 5.5 किमी है। करजान तथा ताजपुर के आपस में जुड़ जाने से एनएच-31 और एनएच-28 का सीधा संपर्क हो जाएगा। उत्तर बिहार और दक्षिण बिहार के बीच एक और संपर्कता बनेगी। करजान से गंगा पुल तक पहुंच पथ, आरओबी तथा अन्य संरचनाओं का निर्माण प्रगति पर है।